Cambridge Assessment International Education

# Cambridge International AS Level

**HINDI LITERATURE** **8675/04**

Paper 4 Texts **October/November 2022**

**2 hours 30 minutes**

You must answer on the enclosed answer booklet.

You will need: Answer booklet (enclosed)

**INSTRUCTIONS**
- Answer **three** questions in total in **Hindi**, each on a different text:
  - Answer **at least one question** from Section 1.
  - Answer **at least one question** from Section 2.
  - Answer **one other question** from **either** Section 1 **or** Section 2.
- Follow the instructions on the front cover of the answer booklet. If you need additional answer paper, ask the invigilator for a continuation booklet.
- Dictionaries are **not** allowed.
- You may **not** take set texts into the examination.

**INFORMATION**
- The total mark for this paper is 75.
- Each question is worth 25 marks.

**निर्देश**
- कुल **तीन** प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में दें, प्रत्येक भिन्न-भिन्न विषय पर:
  - खंड 1 में से **कम से कम एक प्रश्न** का उत्तर दें।
  - खंड 2 में से **कम से कम एक प्रश्न** का उत्तर दें।
  - खंड 1 **या** 2 में से **एक और प्रश्न** का उत्तर दें।
- उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें। यदि आपको अतिरिक्त उत्तर-पुस्तिका चाहिए तो निरीक्षक से माँग लें।
- शब्दकोश के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है।
- आप परीक्षा में निर्धारित पाठ्य-पुस्तक **नहीं** ले जा सकते हैं।

**सूचना**
- इस परीक्षा के कुल अंक 75 हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के 25 अंक हैं।

This document has **8** pages. Any blank pages are indicated.

DC (CJ) 312320
© UCLES 2022



https://xtremepape.rs/

**उत्तर-पुस्तिका के लिए निर्देश**

काली या गहरी नीली स्याही वाली कलम का प्रयोग करें।

आप किसी भी आरेख या ग्राफ के लिए एचबी पेंसिल का उपयोग कर सकते हैं।

उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें। निर्देश नीचे **हिन्दी** में भी दिए गए हैं।


यदि आपको अतिरिक्त उत्तर-पुस्तिका चाहिए तो निरीक्षक से माँग लें।

मिटने वाले पेन या करेक्शन्-फ़्लूइड का प्रयोग **न** करें।

किसी भी बारकोड पर **न** लिखें।

अपने उत्तर इस पुस्तिका में लिखें। पृष्ठ के दोनों भागों का प्रयोग करें। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के बीच में दो रेखाएं रिक्त छोड़ दें।

जिस प्रश्न का आप उत्तर दे रहे हैं उसकी संख्या पहले हाशिये में लिखें।




आप जिन प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं उनमें यदि भाग शामिल हैं, उदाहरण के लिए 1(ए), तो दूसरे हाशिये में प्रश्न का भाग लिखें।

इस उत्तर पुस्तिका में अपना सभी कच्चा काम पेन से करें। अपठनीय किए बिना ऐसा कुछ भी काट दें जिसे
आप **नहीं** चाहते हैं कि परीक्षक चिन्हित करे।

इस पुस्तिका के किसी भी भाग को **न** फाड़ें।

आप अपने सारे पेपर जमा कर दें। यदि आपने किसी अतिरिक्त पुस्तिका का उपयोग किया है, तो उसे इस पुस्तिका के अंदर डालें।



https://xtremepape.rs/

**BLANK PAGE**



https://xtremepape.rs/

किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, प्रत्येक प्रश्न भिन्न-भिन्न पाठ्य-पुस्तक से चुना जाना चाहिए। **भाग 1** से **एक** प्रश्न, **भाग 2** से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है और **तीसरा** प्रश्न किसी भी भाग से चुना जा सकता है। अपने उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका पर **हिन्दी** में लिखें।

## भाग 1

**1 सूरसागर सार - सूरदास और श्रीरामचरित मानस - तुलसीदास**

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **केवल एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** जापर दीनानाथ ढरै।
सोइ कुलीन, बड़ी सुँदर सोइ, जिहिँ पर कृपा करै।
कौन विभीषन रंक-निसाचर, हरि हँसि छत्र धरै।
राजा कौन बड़ौ रावन तैँ, गर्वहिँ-गर्ब गरै।
रंकव कौन सुदामाहूँ तैँ, आप समान करै।
अंधम कौन है अजामील तैँ, जम तहँ जात डरै।
कौन विरक्त अधिक नारद तैँ, निसि-दिन भ्रमत फिरै।
जोगी कौन कड़ौ संकर तैँ, ताकौँ काम छरै।
अधिक कुरूप कौन कुबिजा तैँ, हरि पति पाइ तरै।
अधिक सुरूप कौन सीता तैँ, जनम बियोग भरै।
यह गति-मति जानै नहिं कोऊ, किहिँ रस रसिक ढरै।
सूरदास भगवंत-भजन बिनु, फिरि-फिरि जठर जरै॥10॥

विनय तथा भक्ति

उपर्युक्त पद की सप्रसंग व्याख्या करते हुए उसमें निहित सूरदास के संदेश पर टिप्पणी कीजिए। [25]

**या**

**(b)** श्रीरामचरितमानस के उत्तरकाण्ड में रामराज्य की आदर्श परिकल्पना का वर्णन पाठ्यक्रम में निर्धारित अंशों के आधार पर कीजिए। [25]



https://xtremepape.rs/

## 2 प्रसाद, निराला, महादेवी, पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ

प्रश्न (a) और (b) में से **<u>केवल एक प्रश्न</u>** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** हाय! मृत्यु का ऐसा अमर, अपार्थिव पूजन?
जब विषण्ण, निर्जीव पड़ा हो जग का जीवन!
संग-सौध में हो श्रृंगार मरण का शोभन,
नग्न, क्षुधातुर वास विहीन रहें जीवित जन?

मानव! ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति?
आत्मा का अपमान, प्रेत औ' छाया से रति!!
प्रेम अर्चना यही, करें हम मरण को वरण?
स्थापित कर कंकाल, भरें जीवन का प्रांगण?

शव को दें हम रंग, आदर मानव का
मानव को हम कुत्सित चित्र बना दें शव का?
गत युग के मृत आदर्शों के ताज मनोहर
मानव के मोहांध हृदय में किए हुए घर,

भूल गये हम जीवन का संदेश अनश्वर,
मृतकों के हैं मृतक जीवितों का है ईश्वर!

ताज

उपर्युक्त कविता की सप्रसंग व्याख्या करते हुए इसमें प्रस्तुत प्रगतिवादी विचारधारा की विवेचना कीजिए। [25]

**या**

**(b)** 'निराला' की कविता के भावपक्ष और भाषा की विवेचना पाठ्यक्रम में निर्धारित अंशों से उदाहरण देते हुए कीजिए। [25]



https://xtremepape.rs/

## 3 साकेत - मैथिलीशरण गुप्त

प्रश्न (a) और (b) में से **<u>केवल एक प्रश्न</u>** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

(a)

“हाय! तब तूने अरे अदृष्ट,
किया क्या जीजी को आकृष्ट?
जानकर अबला, अपना जाल-
दिया है उस सरला पर डाल?
किंतु हा! यह कैसा सारल्य?
सालता है जो बनकर शल्य।
भरत-से सुत पर भी संदेह,
बुलाया तक न उसे जो गेह!
बहन कौसल्ये, कह दो सत्य,
भरत था मेरा कभी अपत्य?
पुत्र था कभी तुम्हारा राम?
हाय रे! फिर भी यह परिणाम?
किंतु चाहे जो कुछ हो जाय,
सहूँगी कभी न यह अन्याय।
करूँगी मैं इसका प्रतिकार,
पलट जावे चाहे संसार।
नहीं है कैकेयी निर्बोध,
पुत्र का भूले जो प्रतिशोध।
कहें सब मुझको लोभासक्त,
किंतु सुत, हूजो तू न विरक्त।”

द्वितीय सर्ग

उपर्युक्त काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या करते हुए कैकेयी की मनोदशा का विश्लेषण कीजिए। [25]

**या**

(b) मैथिलीशरण गुप्त ने ‘साकेत’ में उर्मिला के चरित्र में त्याग और पारिवारिक दायित्व में सामंजस्य स्थापित करके भारतीय नारी के आदर्श की किस प्रकार प्रतिष्ठा की है? [25]



https://xtremepape.rs/

# **भाग 2**

## 4 आधे-अधूरे - मोहन राकेश

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **केवल एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** 'आधे-अधूरे' नाटक में मोहन राकेश वर्तमान सामाजिक समस्याओं का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करने में कहाँ तक सफल हुए हैं? नाटक की समस्याओं की विवेचना करते हुए अपने विचार लिखिए। [25]

**या**

**(b)** 'आधे-अधूरे' नाटक के कथानक के आधार पर उसके शीर्षक की सार्थकता पर टिप्पणी कीजिए। [25]

## 5 आधुनिक कहानी संग्रह - संपादक सरोजिनी शर्मा

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **केवल एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** जयशंकर प्रसाद की 'पुरस्कार' कहानी में राजकुमार अरुण का चरित्र-चित्रण कीजिए। [25]

**या**

**(b)** 'सुबह की सैर' में निर्मल वर्मा ने किस सामाजिक समस्या का चित्रण किया है? [25]

## 6 मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ - सम्पादक: अभिमन्यु अनत

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **केवल एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** 'टूटा पहिया' का कथासार लिखते हुए कहानी के उद्देश्य का विश्लेषण कीजिए। [25]

**या**

**(b)** रामदेव धुरंधर ने 'विष-मंथन' में राजन के मानसिक संघर्ष को कितनी कुशलता से चित्रित किया है? कथावस्तु के उदाहरण सहित लिखिए। [25]

© UCLES 2022


https://xtremepape.rs/

**BLANK PAGE**

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

To avoid the issue of disclosure of answer-related information to candidates, all copyright acknowledgements are reproduced online in the Cambridge Assessment International Education Copyright Acknowledgements Booklet. This is produced for each series of examinations and is freely available to download at www.cambridgeinternational.org after the live examination series.

Cambridge Assessment International Education is part of Cambridge Assessment. Cambridge Assessment is the brand name of the University of Cambridge Local Examinations Syndicate (UCLES), which is a department of the University of Cambridge.



https://xtremepape.rs/